# केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के साथ "मिशन मौसम" कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

## डॉ. जितेंद्र सिंह ने समय-सीमा में तेजी लाने का आग्रह किया क्योंकि यह स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित एक प्रमुख कार्यक्रम है

## समन्वित प्रयासों से यह सुनिश्चित होगा कि मिशन मौसम के लक्ष्य समय से पहले प्राप्त हो जाएं: डॉ. जितेंद्र सिंह

प्रविष्टि तिथि: 27 NOV 2025 5:06PM by PIB Delhi

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री; प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने महत्वाकांक्षी 'मिशन मौसम' पहल के अंतर्गत खरीद और स्थापना गतिविधियों की चल रही प्रगति का आकलन करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों से समय-सीमा में तेजी लाने को कहा क्योंकि यह एक प्रमुख कार्यक्रम है जिसकी घोषणा स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने की थी।

बैठक में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन के साथ मंत्रालय और भारत मौसम विज्ञान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और वैज्ञानिक भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने देश में शुरू की जा रही विभिन्न अवलोकन और रडार प्रणालियों की चल रही खरीद, बुनियादी ढांचे की तैयारी और त्वरित स्थापना समय-सीमा की विस्तृत स्थिति प्रस्तुत की।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित मिशन मौसम, भारत की मौसम पूर्वानुमान और जलवायु निगरानी क्षमताओं में प्रगति है। उन्होंने कहा कि पूर्व चेतावनी प्रणालियों को मज़बूत करने, आपदा तैयारी को बेहतर बनाने और अधिक सटीक, स्थान-विशिष्ट पूर्वानुमान प्रदान करने के लिए खरीद और स्थापना गतिविधियों का समय पर क्रियान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत मौसम विज्ञान विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि खरीद प्रक्रियाएं पारदर्शी, कुशल और वैश्विक बेहतर प्रणालियों के अनुरूप बनी रहें। उन्होंने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में स्थापनाओं को तेज़ करने और क्षेत्र-स्तरीय प्रगति की निगरानी के लिए उन्नत ट्रैकिंग प्रणाली अपनाने का भी आह्वान किया।

डॉ. सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग और मंत्रालय के बीच समन्वित प्रयासों से मिशन मौसम के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्राप्त कर लिया जाएगा।


INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT
MINISTRY OF EARTH SCIENCES
GOVERNMENT OF INDIA








***

## पीके/केसी/एचएन/एसवी

(रिलीज़ आईडी: 2195515) आगंतुक पटल : 82
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu